उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 14 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

**( दिनांक : 04 जून, 2012 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के लोक निर्माण खण्ड अस्कोट के अन्तर्गत एस0सी0पी0 चयनित ग्राम पंचायत द्वालीसेरा में चरमा नदी पर घुरड़ी नारंगी व अवलतड़ी के मध्य झूला पुल निर्माण के संबंध में" श्री हरी राम पुत्र श्री जया राम एवं अन्य निवासीगण, ग्राम नारंगी, पो0ओ0 घिघरानी, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ग")

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

12. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

13. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

14. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (निरसन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

15. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण (निरसन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

16. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. विधान सभा क्षेत्र कपकोट के शामा क्षेत्र के जनजातीय लोगों को पशुपालन विभाग द्वारा ऊन उपलब्ध न कराये जाने के संबंध में श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 01 जून, 2012 को दी गई सूचना पर, पशुपालन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

आज्ञा से,

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 04 जून, 2012

द्वितीय सत्र, 2012
का द्वितीय सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

सोमवार, 14 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934

( दिनांक : 04 जून, 2012 )

## नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>21.05.2012 | **क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा स्थानान्तरण एक्ट को स्थगित/निरस्त किया गया है ? यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा स्थानान्तरण हेतु क्या कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्मिक |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख सिंह<br>09.05.2012 | *1. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में स्थापित सीमान्त इंजीनियरिंग कालेज को ए0आई0सी0टी0 से मान्यता प्राप्त है ? यदि हां, तो क्या उक्त इंजीनियरिंग कालेज के लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है ? क्या सरकार द्वारा उक्त संस्थान हेतु भूमि/भवन का चयन कर लिया गया है तथा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु प्रयोगशाला उपलब्ध है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त संस्थान में प्रदेश के अन्य संस्थानों से कम शिक्षा शुल्क लिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या उक्त संस्थान में इंजीनियरिंग शिक्षण हेतु निर्धारित मानकों की पूर्ति की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री मयूख सिंह<br>09.05.2012 | *2. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में नदियों से खनन एवं चुगान का अधिकार क्रमशः कुमाऊ मण्डल विकास निगम तथा गढ़वाल मण्डल विकास निगम को दिया गया है ? यदि हां, तो क्या निगमों द्वारा प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में यह अधिकार निजी उद्यमियों को बेच दिए गए हैं ? यदि हां, तो इस प्रक्रिया से हो रही आर्थिक एवं सम्पत्ति की क्षति को रोकने के लिए सरकार शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेगी ? | तृतीय सोमवार के तारां0 8 में स्थाना0 |
| श्री राजेश शुक्ला<br>10.05.2012 | *3. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा पंतनगर के हवाई अड्डे के प्रस्तावित विस्तारीकरण हेतु 50 एकड़ भूमि उपलब्ध कराये जाने के पश्चात हवाई अड्डे के विस्तारीकरण हेतु सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पंतनगर के स्थान पर हल्द्वानी स्थित हवाई अड्डे के विस्तार की भी कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो सरकार भूमि उपलब्ध न होने पर हल्द्वानी हवाई अड्डे हेतु 37 एकड़ वन भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही पर विचार कर रही है ? | नागरिक उड्डयन |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>11.05.2012 | *4. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र में विद्युत मीटर काफी मात्रा में खराब हैं ? क्या यह सत्य है कि विभाग में विद्युत मीटरों की कमी है ? क्या मंत्री जी भी बतायेंगे कि विभाग द्वारा बिल देने के क्या मानक हैं ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>11.05.2012<br>श्री बिशन सिंह चुफाल<br>25.05.2012 | *5. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य गठन के पश्चात प्रदेश में कुल कितनी वन सम्पदा दावनल के कारण नष्ट हुई ? क्या सरकार द्वारा दावाग्नि शमन हेतु क्या कोई योजना बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.05.2012 | *6. क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि जिला ऊधमसिंहनगर की विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 74 के रेलवे कासिंग पर पूरे दिन में 8 से 10 घंटे का जाम लगा रहता है ? यदि हां, तो इस जाम से जनता को राहत दिलाए जाने हेतु फ्लाईओवर का निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त योजना के प्रति प्रदेश सरकार द्वारा रेल मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव कब भेजा गया है और केन्द्र सरकार इसके प्रति क्या कार्यवाही कर रही है ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.05.2012 | *7. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ों में विकास योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु वन अधिनियम को लचीला बनाने के लिए उत्तराखण्ड सरकार कोई कदम उठा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री विजय बड़थ्वाल<br>14.05.2012 | *8. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनता को भवन निर्माण हेतु रेत, बजरी, पत्थर किन दामों में उपलब्ध करायी जा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि खनन का कारोबार असामाजिक तत्वों द्वारा खुले आम किया जा रहा है ? क्या सरकार जनता को रेत बजरी उचित दामों में मुहैया करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>14.05.2012<br>श्री अजय टम्टा<br>15.05.2012 | *9. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड की जल विद्युत परियोजनाओं से प्रदेश में हो रही बिजली खपत की कितने प्रतिशत की पूर्ति हो रही है ? क्या अन्य प्रदेशों से भी विद्युत खरीदी जा रही है ? यदि हां, तो किस मूल्य पर ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मदन कौशिक<br>15.05.2012 | *10. **विस्तीर्णता एवं न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** [क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी बी0एड कालेजों की सम्बद्धता का नवीनीकरण हो गया है ? यदि हां, तो ऐसे बी0एड कालेज कौन–कौन से हैं ? क्या कुछ बी0एड0 कालेज बगैर सम्बद्धता नवीनीकरण के बी0एड0 में प्रवेश प्रारम्भ कर दिये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे विद्यालयों के लिए कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?] | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हेमेश खर्कवाल<br>15.05.2012 | *11. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के शारदा नदी में खनन कार्य बन्द पड़ा है ? यदि हां, तो क्यों ? यदि नहीं, तो कब तक खनन कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? | उद्योग |
| श्री हेमेश खर्कवाल<br>15.05.2012<br>श्री अरविन्द पान्डे<br>15.05.2012<br>श्री यतीश्वरानन्द<br>15.05.2012 | *12. **दो विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त** [क्या सामान्य प्रशासन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मैदानी क्षेत्र के निवासियों के लिए स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रकिया को सरलीकरण किए जाने की नीति प्रस्तावित है ? यदि हां, तो नीति कब तक लागू की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?] | सामान्य प्रशासन |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.05.2012 | *13. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट जनपद चम्पावत के नजूल भूमि फ्रीहोल्ड किये जाने संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके हैं ? क्या सरकार पूर्व सैनिकों एवं गरीब जनता को वर्ष 1976 के सर्किल रेट के अनुसार उक्त भूमि फ्रीहोल्ड किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |

## अतारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश शुक्ला<br>09.05.2012 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट अवगत हैं कि लोक निर्माण खण्ड रूद्रपुर जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत लालपुर से आनन्दपुर (नगला मोड) तक सड़क वर्षों से क्षतिग्रस्त हैं जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को काफी कठिनाईयों/दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निमाण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री चन्दन राम दास<br>10.05.2012 | 2. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय पॉलीटैक्निक गरूड़ जिला बागेश्वर के भवन निर्माण हेतु क्या कार्यवाही गतिमान है ? यदि हां, तो कब तक भवन निर्माण का कार्य पूर्ण किया जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि 03 वर्षों से अधिक समय से कार्य प्रारम्भ न होने का क्या कारण है ? क्या सरकार द्वारा उक्त भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>10.05.2012 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामगढ़ स्थित नौकानापाल–टकुबा–पतकोड़ा–तोला–मल्लातोला– होते हुए हर तोला मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु क्या सरकार सब्जी एवं फल उत्पादन करने वाले कास्तकारों की सुविधा हेतु एक जीपेबल मोटर मार्ग का निर्माण यथाशीघ्र कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश शुक्ला<br>10.05.2012 | 4. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रतिष्ठित गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्व विद्यालय, पंतनगर में लगभग एक वर्ष से कार्यवाहक कुलपति नियुक्त है ? क्या मंत्रीजी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विश्वविद्यालय में पूर्ण कालिक स्थाई कुलपति की नियुक्ति सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **द्वितीय गुरूवार के अतारंकित 43 में स्थाना0** |
| श्री गणेश जोशी<br>10.05.2012 | 5. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मसूरी रोड से क्यारकुली गांव तक सड़क निर्माण न होने से क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मोटर मार्गों के निर्माण पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>10.05.2012 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधान सभा क्षेत्र की कार्लीगाड़ से सरोना, छमरोली सिल्ला से मोलदार मसराना से चामासारी, बार्लोगंज तक मोटर मार्ग का निर्माण ल0 8 किमी तक की योजनायें शासन स्तर पर लम्बित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त योजनाओं के निर्माण न होने से ग्रामीणों को मीलों पैदल चलना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त योजनाओं को पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>10.05.2012 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत क्यारा से धनौल्टी, चामासारी से पटरानी दौंक, मालदेवता से बौंठा तिमलीमानसिंह तथा पी0पी0सी0एल0 कांटे से गढ़ तक सड़क निर्माण न होने से क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मोटर मार्गों के निर्माण पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>11.05.2012 | 8. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिये जाने हेतु क्या सरकार भीमताल में एक डिग्री कालेज की स्थापना करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री माल चन्द<br>11.05.2012 | 9. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में दुर्गम पर्वतीय स्थानों पर छोटे–छोटे हैलिपेड बनाने पर विचार करेगी जिससे लोगों को प्राकृतिक आपदा के समय मदद दी जा सके ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नागरिक उड्डयन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>11.05.2012 | 10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जंगली जानवरों द्वारा गाय, भैंस व बकरी आदि पालतू पशुओं को मारे जाने पर संबंधित को मुआवजा देने का प्रावधान है ? यदि हां, तो उत्तराखण्ड में ऐसे कितने प्रकरण किस सन् से लम्बित हैं तथा सरकार कब तक सभी लम्बित प्रकरणों का भुगतान करेगी तथा इन्हें आज तक मुआवजे न दिये जाने के क्या कारण हैं ? | वन |
| श्री अजय भट्ट<br>11.05.2012 | 11. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले के तहसील रानीखेत के अन्तर्गत चौबटिया नागपानी वन मोटर मार्ग ब्रिटिश काल से वाहनों की आवाजाही एवं क्षेत्र के ग्रामीणों की सुविधा के लिए खुला रहता था ? यदि हां, तो अब उक्त मोटर मार्ग के बन्द होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त मार्ग को पुनः खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री अजय भट्ट<br>11.05.2012<br>श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.12.2012 | 12. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में बन्दर, जंगली, सुंअर, नील गाय एवं जड़ाऊ द्वारा फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त जानवरों से प्रभावित क्षेत्रों का सरकार ने कोई सर्वे कराया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? सरकार कृषि फसलों को जंगली जन्तुओं से बचाने के लिए क्या उपाय कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>11.05.2012 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में बूंगाछीना पेटखोला अलगाड़ा तक 7 कि0मी0 सड़क बनी है जिसमें प्रारम्भ में 3 कि0मी0 हल्का वाहन मार्ग बना है जिस कारण बड़े वाहन नहीं चल पा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार 3 कि0मी0 हल्का वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में बदलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>11.05.2012 | 14. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत मौजा धोरणखास की अधिगृहित की गयी भूमि को शासन द्वारा अधिग्रहण से मुक्त कर दिया गया था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं उक्त भूमि पूर्व में आवासीय भूमि थी किन्तु वर्तमान में महानगर योजना में शहरी निदेशालय द्वारा बनाये गये मास्टर प्लान 2005–2025 में गलत तरीके से 400 वर्ष पुराने गांव धोरणखास व आबादी का भू–उपयोग उद्यान व आई0टी0पार्क दर्शाया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार मौजा धोरणखास की उक्त भूमि को भू–उपयोग पूर्व की भांति आवासीय किए जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश चौहान<br>11.05.2012 | 15. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल के उद्यमियों व श्रमिकों द्वारा जनपद–हरिद्वार के अन्तर्गत बी0एच0ई0एल0 रानीपुर विधान सभा क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र सिडकुल के लिए अलग से पुलिस थाना बनाये जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार सिडकुल क्षेत्र में थाना बनाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | गृह |
| श्री हाजी सरवत करीम अंसारी<br>11.05.2012 | 16. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र मंगलौर जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र मे प्रतिदिन बिजली की कटौती कितने घंटे की जा रही है ? क्या सरकार बिजली की कटौती बन्द करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री अरविन्द पाण्डेय<br>11.05.2012 | 17. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गदरपुर के अन्तर्गत मसित से सकेनियां बकेनियां होते हुए कलकत्ती गांव तक मोटर मार्ग बनाये जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा की जा रही है ? यदि हां, तो क्या वर्ष 2012 में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री चन्द्रशेखर<br>11.05.2012 | 18. क्या गृहमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र में आग की दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ज्वालापुर क्षेत्र में फायर स्टेशन स्थापित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>11.05.2012 | 19. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में पॉलिटेक्निक एवं आई0टी0आई0 खोले जाने हेतु कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक उक्त प्रशिक्षण संस्थान खोल दिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>14.05.2012 | 20. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि माननीय उच्चतम न्यायालय के वर्ष 1996 के आदेशानुसार जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी शहर क्षेत्र में नये भवनों के निर्माण पर पाबन्दी होने के कारण आवासीय संकट और अधिक गहरा हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी में आवासीय योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>14.05.2012 | 21. क्या लोक–निमार्ण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी के अन्तर्गत रीठा साहिब में रतिया नदी, विकास खण्ड बाराकोट के अन्तर्गत ग्राम नेत्र सलान में सरयू नदी एवं सालीखेत में पनार नदी पर झूलापुल के निर्माण की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो वर्तमान स्थिति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>14.05.2012 | 22. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लधिया घाटी क्षेत्र विकास खण्ड पाटी जनपद चम्पावत में आई0टी0आई0 की स्वीकृति देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>14.05.2012 | 23. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी में स्थापित आई0टी0आई0 हेतु भवन निर्माण की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.05.2012 | 24. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कार्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र के राजस्व ग्राम तैडिया पांड व जमूण गांव को अन्यत्र बसाये जाने की प्रकिया शासन में विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त गावों का अब तक विस्थापन न करने के क्या कारण हैं ? क्या यह भी सत्य है कि पिछले 10 वर्षों से शासन द्वारा उक्त गावों के विकास कार्यों व हक हकूको को रोक दिया गया है ? यदि हां, तो क्यों ? | वन |
| श्री हेमेश खर्कवाल<br>14.05.2012 | 25. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के मुख्यालय में सर्किट हाउस का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हेमेश खर्कवाल<br>14.05.2012 | 26. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत में स्वीकृत लेटी–रियॉसी मोटर मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक उक्त मोटर मार्ग का कार्य पूर्ण हो जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हेमेश खर्कवाल<br>14.05.2012 | 27. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत में सूखीढांग–डांडा–मिनार मोटर मार्ग कितने कि0मी0 स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अब तक उक्त मोटर मार्ग पर कितना कार्य हो चुका है और अवशेष कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.05.2012 | 28. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर की काशीपुर विधान सभा क्षेत्र में एशियन डेबलपमेंट बैंक से प्राप्त होने वाले धन से कितने मोटर मार्गों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है और उन कार्यों के प्रति कब तक धन अवमुक्त किया जायेगा ? क्या सरकार स्वीकृत मार्गों की प्रगति सहित विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.05.2012 | 29. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत तल्ला सल्ट में कोई भी महाविद्यालय नहीं है ? क्या सरकार द्वारा जनहित में शीघ्र तल्ला सल्ट में महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.05.2012 | 30. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र में कितने गांव विद्युतीकरण से छूट गये हैं ? क्या सरकार उक्त छूटे हुए गांवों/तोको में विद्युतीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 15.05.2012 | 31. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में सानदेव से फोरिस्ट के विश्राम गृह तक फोरिस्ट की सड़क के ऊपर सीमेन्ट कंकरीट हेतु कितना धन स्वीकृत किया गया है ? क्या सीमेन्ट कंकरीट का कार्य हुआ है ? यदि हां, तो कितना धन खर्च हुआ ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्या कार्य की गुणवत्ता बनी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री हमेश खर्कवाल 15.05.2012 | 32. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत स्वीकृत टनकपुर–जौलजीवी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है ? यदि हां, तो कब तक यह कार्य पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मालचन्द 15.05.2012 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला मोरी के ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों द्वारा जोड़ा जायेगा जिससे क्षेत्रीय काश्तकारों द्वारा उत्पादित नगदी फसलों को कम से कम समय व खर्च में गन्तव्य स्थान तक पहुंचाया जाय ? क्या सरकार हिमाचल पेटर्न पर आधारित सड़कों का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 15.05.2012 | 34. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र के काशीपुर की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे किए जाने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं ? यदि हां, तो विद्युत सप्लाई व्यवस्था कब तक नियमित होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 15.05.2012 | 35. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त** [क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आई0आई0एम0) के भवनों का निमार्ण कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? यदि हां, तो संबंधित निर्माण संस्था का नाम क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?] | तकनीकी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी 15.05.2012 | 36. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य में सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबन्ध के उपरान्त माइन्स बन्द होने के कारण यू0पी0एस0एम0डी0सी0 के आवास एवं भूमि राज्य सरकार के अधीन है जो कि अनुप्रयुक्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कोई औद्योगिक ईकाई लगाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **द्वितीय गुरूवार के अता0 45 में स्थाना0** |
| श्री आदेश चौहान 15.05.2012 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र बी0एच0ई0एल0 रानीपुर के अन्तर्गत बी0एच0ई0एल0 के सेक्टर III से विस्थापित टिहरी कालोनी होते हुए सुभाषनगर तक जाने वाली सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है जिस कारण आये दिन दुर्घटनायें हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण व पुर्ननिर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री आदेश चौहान 15.05.2012 | 38. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र बी0एच0ई0एल0 रानीपुर के सुभाषनगर, सीतापुर, जगजीतपुर, रावलीमहदूद, रोशनाबाद में नये उपभोक्ताओं द्वारा विकास शुल्क देने के बावजूद भी अनेकों स्थानों पर अभी तक विद्युत लाईने नहीं बनाई गई हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर विद्युत लाइने बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री आदेश चौहान 15.05.2012 | 39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–हरिद्वार के अन्तर्गत बी0एच0ई0एल0 रानीपुर विधान सभा क्षेत्र के गांव रावली महदूद के अन्तर्गत कृपाल नगर को शिवालिक नगर से जोड़ने की मांग लम्बे समय से क्षेत्रीय जनता कर रही है ? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग का प्राकलन लो0 नि0 वि0 द्वारा बनाकर शासन को भेजा गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार की उक्त मार्ग को बनाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | लोक निर्माण |
| श्री यतिश्वरानन्द 15.05.2012 | 40. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार में नील गाये, हाथी के झुंड से लाखों रूपये की फसल का नुकसान हो रहा है एवं ग्रामीण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री यतिश्वरानन्द 15.05.2012 | 41. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार में कई वर्षों से सड़कें/चण्डीघाट पुल क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार सड़कों का निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यतिश्वरानन्द<br>15.05.2012 | 42. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार में ग्रामीण बस्तियों के उपर से बिजली के तार लटके हुऐ हैं जिससे लोगों को तार से जान माल के खतरे का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण बस्तियों के उपर से तार को हटाने पर कोई कदम उठा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री अजय टम्टा<br>15.05.2012 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सोमेश्वर विधान सभा क्षेत्र में माला ग्राम सभा के अन्तर्गत वर्ष 2010 में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण हेतु क्या योजना है एवं पुल निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? | लोक निर्माण |
| श्री अजय टम्टा<br>15.05.2012 | 44. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पर्यटन के विस्तार एवं पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं के समय गम्भीर रोगियों को हैलीकॉप्टर सेवा हेतु कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? तथा इसका क्या उद्देश्य है ? | नागरिक उड्डयन |
| श्री राजेश शुक्ला<br>15.05.2012 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के रूद्रपुर किच्छा मुख्य राजमार्ग रामनगर से मलसी तक के सम्पर्क मार्ग से वहां के निवासियों को हो रही असुविधा व कई दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग रूद्रपुर द्वारा राज्य योजना से उक्त मार्ग का निर्माण के आगणन प्रस्ताव पर सरकार निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>15.05.2012 | 46. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत पूर्व सरकार द्वारा लंबगांव महाविद्यालय में बी0एड0 एवं अगरोड़ा महाविद्यालय में विज्ञान विषय खोले गये लेकिन अभी तक अध्यापाकों की नियुक्ति नहीं की गयी ? यदि हां, तो कब तक उक्त दोनों महाविद्यालयों में संबंधित विषयों के अध्यापकों की नियुक्ति की जायेगी ? क्या यह सत्य है कि महाविद्यालय होने के बावजूद लंबगांव अगरोड़ा के छात्रों को विज्ञान व कामर्स की पढाई के लिए बाहर जाना पड़ता है ? यदि हां, तो कब तक लंबगांव महाविद्यालय में बी0एस0सी0 व अगरोड़ा महाविद्यालय में बी0काम की कक्षायें शुरू की जायेंगी ? | उच्च शिक्षा |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>15.05.2012 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी के अन्तर्गत प्रतापनगर क्षेत्र के जाख–डोबरा व स्यासू पुल मार्ग एवं मोटणा से मदनेगी, लंबगाव–बिजपुर–पनियाला मार्ग तथा रामगढ़–झुल्क मोटरमार्ग बदहाल स्थिति में है ? यदि हां, तो कब तक उक्त मार्गों का डामरीकरण व चौड़ीकरण किया जायेगा ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 15.05.2012 | 48. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि (सी0टी0आर0) फारेस्ट क्षेत्र को संरक्षित रखने के लिए कितने बजट की व्यवस्था इस वित्तीय वर्ष में की गयी थी तथा इसमें कितना बजट किस कार्य के लिए खर्च किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री हेमेश खर्कवाल 16.05.2012 | 49. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टनकपुर महाविद्यालय में विज्ञान विषय स्वीकृत हैं ? यदि हां, तो कब तक कक्षायें प्रारम्भ की जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री हेमेश खर्कवाल 16.05.2012 | 50. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत स्थित टनकपुर महाविद्यालय के भवन हेतु भूमि हस्तान्तरण एवं भवन निर्माण की व्यवस्था पूर्ण हो चुकी है ? यदि नही तो कब तक यह कार्यवाही पूर्ण होगी ? | उच्च शिक्षा |
| श्री मालचंद 16.05.2012 | 51. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत नौगांव में अग्नि शमन केन्द्र की व्यवस्था की जाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नही ? | गृह |
| श्री मालचंद 16.05.2012 | 52. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी के कास्तकारों को वन संबंधी उनके हक-हकूकों का अधिकार पूर्व की भांति डी0एफ0ओ0 को दिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यो ? | वन |
| श्री दान सिंह भण्डारी 09.05.2012 | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जनपद के भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड रामगढ़ के ल्वेशाल बस स्टेशन से पोखरी बस स्टेशन तक पूर्व में बनी प्रधानमंत्री सड़क रोजगार के अन्तर्गत मोटर मार्ग का वर्तमान तक डामरीकरण नहीं हो पाया है जिस कारण क्षेत्रवासियों को यातायात में अत्यधिक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार यथाशीघ्र उक्त मार्ग का डामरीकरण किये जाने हेतु विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत 07.05.2012 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के लैन्सडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड नैनीडांडा में खाल्यूडांडा-भौन अपोला सेरा मोटर मार्ग जिसे ए0डी0बी0 के द्वारा बनाया जा रहा है की गुणवत्ता खराब है तथा उक्त मोटर मार्ग की लागत क्या है ? क्या सरकार द्वारा उक्त मार्ग की अनियमितता की जांच की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 01 जून, 2012 की बैठक में दिनांक 04 जून, 2012 से दिनांक 08 जून, 2012 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रुप में रखे जाने की सिफारिश की है :–**

**जून, 2012**

**सोमवार, 04 जून**

1– औपचारिक कार्य

2– वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।

3– विधायी कार्य :–

1. उत्तराखण्ड लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण **(समय 30 मिनट)**

2. लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण(निरसन) विधेयक, 2012 विचार एवं पारण **(समय 30 मिनट)**

**मंगलवार, 05 जून,**

1–औपचारिक कार्य

2–वित्तीय वर्ष 2012–13 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा।

**बुधवार, 06 जून,**

अनुदान संख्या

05 निर्वाचन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग की अनुदान, पर मांग, चर्चा और मतदान।

18 सहकारिता विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

20 सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

19 ग्राम्य विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

25 खाद्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

26 पर्यटन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

29 औद्यानिक एवं रेशम विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान।

## गुरूवार, 07 जून,

| | | |
|---|---|---|
| अनुदान संख्या | 11 | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा एवं मतदान। |
| | 13 | जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 17 | कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 28 | पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |
| | 16 | श्रम और रोजगार विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |
| | 15 | कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |
| | 24 | परिवहन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |
| | 30 | अनुसूचित जातियों का कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। |
| | 31 | अनुसूचित जनजातियों का कल्याण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान |

## शुक्रवार, 08 जून,

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान सं0 | 01 | विधान सभा की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 02 | राज्यपाल की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 03 | मंत्रिपरिषद की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 04 | न्याय प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 08 | आबकारी विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 09 | लोक सेवा आयोग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 10 | पुलिस एवं जेल विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 14 | सूचना विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 21 | उर्जा विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 22 | लोक निर्माण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | — |
| | 23 | उद्योग विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 27 | वन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |

**विधायी कार्य :–**

1– उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 का सदन की अनुज्ञा से पुरस्थापन, उस पर विचार एवं पारण।

---